# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।
**E- mail:-** upjnrsultanpur@upjn.co.in


पत्रांक 5405 / W-19 / 116 दिनांकः-03/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः—दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशनः लोकेपुर में तीन साल बाद भी कामः 3 करोड़ की योजना से 595 परिवारों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड—कूरेभार के अन्तर्गत लोकेपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विध्या टेलीलिंक—गाजा जेवी, नोएडा द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त योजना में नलकूप—01 नग, पम्पहाउस—01 नग, बाउन्ड्रीवाल—01 नग उच्च जलाशय (175 कि०ली०x16 मी०)—01 नग, सोलर—01 नग, पाइप लाइन—15.94 किमी० तथा गृह जल संयोजन—595 नग प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप—01 नग पूर्ण, पम्पहाउस—01 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल—01 नग पूर्ण, उच्च जलाशय—01 नग जिंक एलम टैंक अधिष्ठापित (80:) तक पूर्ण, सोलर—01 नग पूर्ण, पाइप लाइन—15.20 किमी० पूर्ण, तथा गृह जल संयोजन—257 नग पूर्ण है।

योजनाओं की धीमी प्रगति होने के कारण फर्म के विरूद्ध अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/IJM (Sultanpur)/2026&27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा 1% अतिरिक्त कुल 2% L.D. अध्यारोपित भी किया गया है।

कार्यदायी फर्म द्वारा अपने पत्रांक VIL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-27/101 दिनांक 03.09.2026 (संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में योजना के कार्य प्रगति पर है जिसे माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुभाष चन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प—बाराबंकी।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि०/यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर। 7.
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता /श्री पी०के० छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
8. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक—गाजा जेवी, नोएडा।

अधिशासी अभियन्ता

# विकासखण्ड–कूरेभार के अन्तर्गत लोकेपुर पाइप पेयजल योजना पर कार्य प्रगति का फोटोग्राफ












**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No. 3,4 & 5, Sector 125, Noida 201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/101** **Date: 03 .09.2026**

**To,**
**Executive Engineer (Civil)**
**U.P Jal Nigam (Rural)**
**Sultanpur, Uttar Pradesh**

**Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).**

**Subject:-Submission of Completion Plan of Lokepur(Kurebhar)**
**Dear Sir,**

**With Reference to above subject, We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Lokepur(Kurebhar).**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | | |
| 5 | Distribution(Kms) | 15.9 | 15.2 | | |
| 6 | FHTC(Nos) | 595 | 257 | 338 | Nov 26 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 0 | 1 | |
| 8 | OHT( 175 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.8 | 0.2 | Dec. 26 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized Signatory)

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक

# जल जीवन मिशन: लोकेपुर में तीन साल बाद भी काम: 3 करोड़ की परियोजना से 595 परिवारों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

धर्मराज दुबे | कूरेभार(सुल्तानपुर), सुलतानपुर
11 दिन पहले



प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना कूरेभार ब्लॉक के लोकेपुर गांव में तीन साल बाद भी अधूरी है। लगभग 3 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से शुरू की गई इस परियोजना का लक्ष्य गांव के 595 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। हालांकि, अभी तक पानी की टंकी का निर्माण अधूरा है और पाइपलाइन भी केवल कुछ घरों तक ही पहुंच पाई है।

ग्रामीणों के अनुसार, योजना का लाभ आज भी उनसे दूर है। जल जीवन मिशन की पाइपलाइन गांव के आधे हिस्से तक ही पहुंची है, जबकि कई मोहल्लों और बस्तियों में टोटियां तो लगाई गई हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। अधूरे निर्माण और धीमी कार्य गति से ग्रामीणों में नाराजगी है।

पूर्व प्रधान मनोज सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण काम की गति बहुत धीमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद कार्य में सुधार नहीं हुआ। सिंह ने विभाग से काम में तेजी लाने की मांग की ताकि ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

ग्रामीण उदय राज मोर्य ने बताया कि काम शुरू हुए तीन साल हो गए हैं, लेकिन पानी की टंकी अभी तक पूरी नहीं बन पाई है। टंकी अधूरी होने के कारण

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- घर में खास मेहमानों के आने से व्यस्तता रहेगी। रोज के कामों के बीच मौज-मस्ती और आराम के लिए भी समय निकाल पाएंगे। कहीं कोई पेमेंट फंसा हुआ है तो आज उसे
और पढ़ें

वहीं, नवनीत कुमार नामक ग्रामीण ने कहा कि सरकार ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए उत्कृष्ट योजना चलाई है। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्था की उदासीनता के कारण यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है। उनका मानना है कि यदि समय पर निरीक्षण और निगरानी होती, तो आज गांव के हर घर में पेयजल उपलब्ध होता। ग्राम प्रशासक राधेश्याम वर्मा ने बताया कि कार्य की सुस्त रफ्तार को लेकर विभागीय अधिकारियों से लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि कार्य की गति बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों की उम्मीदें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। लोग चाहते हैं कि जल जीवन मिशन का लाभ जल्द से जल्द हर घर तक पहुंचे और अधूरा कार्य पूरा हो, ताकि पेयजल संकट से निजात मिल सके।

**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔** +Follow us

## खबरें और भी हैं...

**कूरेभार सीएचसी का आवासीय भवन 10 साल से अधूरा: लाखों खर्च के बाद भी नहीं बदली तस्वीर, स्वास्थ्यकर्मी किराए पर रहने को मजबूर**




Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक